लेकिन
हुई
युद्ध जैसे
आक्रामक
ार

पेंग की
सान में
5 किमी

के नवीनीकरण के लिए नए आवेदन दाखिल करने पर आवेदकों को बिना किसी सत्यापन प्रक्रिया के स्वत: ही 540 दिनों का विस्तार मिल जाता था। बिना किसी सत्यापन प्रक्रिया के विस्तार देने का बाइडन सरकार का निर्णय उस दौरान वर्क परमिट प्रदान करने के लिए लंबित 15 लाख अनुरोधों को देखते हुए लिया गया था क्योंकि ऐसी आशंका थी कि इन अनुरोधों को सत्यापित और संसाधित करने में देरी से बेरोजगारी बढ़ सकती है।

**जिक्वान।** चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन तियांगोंग पर चूहों पर वैज्ञानिक शोध करेगा। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी 'चाइना मैन्ड स्पेस स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) ने बताया कि दो नर और दो मादा चूहों को शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष स्टेशन ले जाया जाएगा और उन पर शोध किया जाएगा।

शेनझोउ-21 को शुक्रवार रात 11:44 बजे उत्तर-पश्चिम चीन

**● आज रात अंतरिक्ष रवाना होगा चीन का शेनझेउ- 21 यान**

के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस यान से अंतरिक्ष यात्री झांग लू, वू फी और झांग होंगझांग रवाना होंगे। सीएमएसए के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने शेनझोउ-21 के उड़ान भरने से एक दिन पहले कहा कि यह पहली बार है जब चीन चूहों पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने जा रहा है। कक्षा में सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण जैसी अंतरिक्ष की स्थितियों का इन चूहों के व्यवहार पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा। झांग ने कहा कि बाद में चूहों को अन्य अंतरिक्ष यान से वापस पृथ्वी पर लाया जाएगा। यहां पृथ्वी पर उन पर फिर से वैज्ञानिक शोध किया जाएगा कि अंतरिक्ष वातावरण में चूहों के विभिन्न ऊतकों और अंगों पर क्या प्रभाव पड़ा।

के दो
दावा

ादिमीर
कहा कि
प्रमुख
को घेर
समर्पण
क्रेन के
के इस
ुतिन ने
ाल में
चीत में
न और
के लिए
के लिए
ांखों से

# कनाडा में मनी दिवाली, उत्तराखंडी संस्कृति की जगमग

**अमृत विचार संवाददाता, टोरंटो**

**● उत्तराखंड कल्चरल एसोसिएशन ऑफ कनाडा ने किया आयोजन**



दिवाली के आयोजिन में मेयर पैट्रिक ब्राउन और उत्तराखंडी समुदाय के सदस्य।

कनाडा में उत्तराखंड कल्चरल एसोसिएशन ऑफ कनाडा की तरफ से दिवाली धूमधाम के साथ मनाई गई। मेयर पैट्रिक ब्राउन ने दीप प्रज्वलित कर इसका आगाज किया और उत्तराखंड परिवार को बधाई भी दी। इस दौरान सभी अपने पारंपरिक परिधानों में आए।

आयोजन में कनाडा भर से उत्तराखंडी समुदाय के सदस्यों के साथ अन्य भारतीय समुदायों के प्रतिनिधियों व स्थानीय अतिथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शुरुआत भारत और कनाडा के राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसने आपसी सम्मान और सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रसारित किया। मेयर ने भारतीय समुदाय की सक्रियता, योगदान और सांस्कृतिक विविधता की सराहना की। दीप प्रज्वलन के बाद गणेश वंदना तथा उत्तराखंड के लोकनृत्य झोड़ा, चांचरी और छपेली की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों और युवाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लास से भर दिया।

संघ के अध्यक्ष संजय जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजन कनाडा में बसे उत्तराखंडवासियों को जड़ों से जोड़ते हैं और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम सफल बनाने में संजय जोशी, राज कोठियाल, मनु जखवाल, मुकेश रावत, कोषाध्यक्ष, नीरजा जोशी, सीमा कांती पराशर, बबीता तिवारी कपूर, गीतू बहुगुणा और श्वेता कोठियाल ने योगदान दिया।

ार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेश से लाभ मिलेगा। मने अपनी बातें खुलकर रखें। आपको नए स्रोतों से ा। घर के वातावरण में थोड़ी गंभीरता रहेगी। गृहस्थ

-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक